Title: Need to expedite setting up of Super Thermal Power Station at Maneri Growth Centre in Mandala district, Madhya Pradesh.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : उपाध्यक्ष जी, जबलपुर के नजदीक मंडला जिले में मनेरी ग्रोथ सेंटर में नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन ने सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्थापित करने हेतु तकनीकी जांच करा ली है, कि जबलपुर के पास बने बरगी डेम से इस सुपर थर्मल पावरस्टेशन के लिए आवश्यक मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा तथा शहडोल क्षेत्र से कोयला मिलेगा, परन्तु अभी तक इसकी स्थापना नहीं हो पा रही है, जिसके कारण आम नागरिकों में अत्यन्त आक्रोश व्याप्त है।

इसलिए भारत शासन इसकी स्थापना हेतु शीघ्र प्रयास करे।